## अध्याय 10

# दिल्ली में पर्यटन

दिल्ली में समृद्ध और अद्वितीय सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत है, जो वास्तविक अखिल भारतीय स्वरूप और सभी के लिए बेजोड़ गंतव्य है। दिल्ली स्मारकों, संग्रहालयों, धार्मिक स्थलों, खरीदारी स्थलों की विस्तृत विविधता और अग्रणी भोजन अनुभवों से लेकर कई पर्यटक आकर्षण प्रदान करता है।

1.1 यात्रा करने के लिए कुछ प्रमुख स्थान और संजोने योग्य गतिविधियां इस प्रकार हैं:

- **हुमायूँ का मकबराः** दिल्ली में यूनेस्को का एक विश्व धरोहर स्थल है, जिसे मुगल सम्राट हुमायूँ के लिए वर्ष 1570 में बनाया गया था, यह उपमहाद्वीप का पहला भव्य राजवंशीय उद्यान मकबरा है। यह मकबरा निजामुद्दीन दरगाह के पास यमुना नदी के तट पर बनाया गया था। यह 30 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है और भव्य चार बाग– (एक फारसी शैली का उद्यान जिसमें जल–सरणी मार्गों से जुड़े ताल हैं) का एक मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है।

  इस स्मारक का अनोखा अष्टकोणीय आकार इसे मुगल वास्तुकला के बेहतरीन उदाहरणों में से एक बनाता है।

- **लाल किला** : दिल्ली में यूनेस्को का एक विश्व धरोहर स्थल, लाल किला के नाम से जाना जाता है, यह देश का गौरव है। यह एक ऐतिहासिक किला है, जो शहर के प्राचीन भाग में स्थित है। लाल किला, 200 वर्षों तक शहर पर शासन करने वाले मुगल सम्राटों के लिए प्राथमिक निवास स्थान था। मुगलों ने लाल किले में 1856 तक निवास किया था। यह ऐतिहासिक स्मारक मुगलों का राजनीतिक केंद्र भी रहा।

  लाल किले का निर्माण वर्ष 1639 में मुगल बादशाह शाहजहाँ के शासनकाल में किया गया था। इसे शाहजहाँ की किलाबन्द राजधानी शाहजहाँनाबाद के महल की तर्ज पर बनाया गया था। लाल पत्थर से निर्मित इसकी विशाल बंद दीवारों के कारण इसे लाल किला कहा जाता था। यह महल न केवल शाहजहाँ की स्थापत्य प्रतिभा को प्रदर्शित करता है, बल्कि उस समय की इस्लामी वास्तुकला की एक अच्छी तस्वीर भी पेश करता है।

- **कुतुब–मीनारः** दिल्ली में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल कुतुब–मीनार, लाल और बफ स्टैंडस्टोन से बनी भारत में सबसे ऊंची मीनार है। इसके आधार पर चौडाई 14.32 मीटर, शीर्ष पर लगभग 2.75 मीटर और ऊंचाई 72.5 मीटर है।

  कुतुबुद–दीन ऐबक ने 1199 ईसवी में प्रार्थना के लिए मुअज़्ज़िन (संदेशवाहक) के उपयोग के लिए मीनार की नींव रखी और पहली मंजिल बनाई, जिसमें उसके उत्तराधिकारी और दामाद शमसुद्दीन इल्तुतमिश (1211–36 ईसवी) द्वारा तीन और मंजिलें जोड़ी गईं। सभी मंजिलें एक प्रक्षेपित बारजा

से घिरी हुई हैं और पत्थर के कोष्ठकों द्वारा समर्थित हैं, जिन्हें हनि–काम्ब डिजाइन से सजाया गया है, यह पहली मंजिल में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

- **राष्ट्रीय संग्रहालयः** प्राचीन काल से मध्यकाल तक भारत के समृद्ध ऐतिहासिक अतीत की झलक पाने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है।

- **अमृत उद्यानः** राष्ट्रपति भवन के उद्यान, दिल्ली के अन्य खूबसूरत उद्यानों की तरह पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखते हैं। सर्दियों में दिल्ली बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का घर बन जाता है जो इसे इको–टूरिज्म के दृष्टिकोण से जोड़ता है।

- **गार्डन ऑफ फाइव सेंसेजः** गार्डन ऑफ फाइव सेंसेज की संकल्पना जनता के लिए अवकाश स्थान के शहर की आवश्यकता पूरी करनें के लिए की गई थी। यह बीस एकड़ का स्थल है, जो सैदुलाजाब गांव में स्थित है।

- **गुरु तेग बहादुर स्मारकः** इस परिसर का निर्माण 11.87 एकड़ के क्षेत्र में सिंघू बॉर्डर पर किया गया है, जिसमें 24 मीटर ऊंचा केंद्रीय प्रवेश द्वार है, जिसके आधार पर पंखुड़ियां गुरु और उनकी ताकत का प्रतिनिधित्व करती हैं और तीन "सी" मेहराब उनके तीन अनुयायियों को दर्शाते हैं और एकाश्मक स्तंभ 10 सिख गुरुओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन पर उनके कथन अंकित हैं।

- **कलाम मेमोरियलः** आईएनए दिल्ली हाट में स्थित कलाम मेमोरियल, पीपुल्स प्रेसिडेंट के प्रति हमारे अटूट प्रेम का एक उपयुक्त प्रमाण है ।

- **टिकरी कलां में आजाद हिंद ग्राम पर्यटक परिसरः** इस कॉम्प्लेक्स को दिल्ली पर्यटन द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की याद में नागरिकों के लिए गुणवत्तापूर्ण अवकाश स्थान और सड़क के किनारे सुविधाएं बनाने के लिए विकसित किया गया था।

- **दिल्ली हाट (आईएनए, जनकपुरी, पीतमपुरा):** दिल्ली हाट एक सामाजिक–सांस्कृतिक परिसर है, जिसमें 'बाजार' जैसा अहसास है। यह शिल्प, भोजन और संस्कृति के आनंदमय मिश्रण के साथ पारंपरिक साप्ताहिक बाजार का एक शहरी संस्करण है। इन 3 हाटों में कई त्योहार आयोजित किए जाते हैं।

- **लोटस टेम्पलः** लोटस टेम्पल दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करने वाले सबसे महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है। यह दुनिया के सात प्रमुख बहाई मंदिरों में से एक है। नेहरू प्लेस के पूर्वी हिस्से में स्थित, बहाई मंदिर दिल्ली 1986 में बनाया गया था और तब से यह अपनी संरचनात्मक सुंदरता और ऐक्य के प्रतीक से आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है।

- **राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम):** राष्ट्रीय युद्ध स्मारक नागरिकों की जीत और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। एनडब्ल्यूएम एक राष्ट्रीय स्मारक है जो स्वतंत्र भारत के सशस्त्र संघर्षों में लड़ने वाले भारतीय सेना के सैनिकों को सम्मान देने और उनका स्मरण करने के लिए बनाया गया है।



## 1.2 दिल्ली में अन्य पर्यटन स्थल जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं:

अक्षरधाम मंदिर, बिड़ला मंदिर, प्रधानमंत्री संग्रहालय, इंडिया गेट, इस्कॉन मंदिर, जामा मस्जिद, जंतर मंतर, संसद भवन, पुराना किला, राष्ट्रपति भवन, सफदरजंग मकबरा, गुरुद्वारा बंगला साहिब, राष्ट्रीय पुलिस स्मारक, कर्तव्य पथ।

## 1.3 दिल्ली में मनोरंजन स्थल, उद्यान और जैव विविधता पार्क:

**मनोरंजन स्थल:** दिल्ली संग्रहालय, मूवी थिएटर, थिएटर और ऑडिटोरियम, आर्ट गैलरीज, एडवेंचर स्पोर्ट्स, शहर के विभिन्न पार्क,असोला भट्टी वन्यजीव अभयारण्य।

**उद्यान:** सेंट्रल पार्क राजीव चौक, डियर पार्क, बुद्ध जयंती पार्क, इंद्रप्रस्थ पार्क, तालकटोरा गार्डन, स्वर्ण जयंती पार्क और नेहरू पार्क, लोधी गार्डन।

**जैव विविधता पाक:** यमुना जैव विविधता पार्क, अरावली जैव विविधता पार्क, कमला नेहरू जैव विविधता पार्क, तिलपथ घाटी जैव विविधता पार्क, नीला हौज।

## 1.4 अन्य गतिविधियां

➢ **जल क्रीड़ा गतिविधियाँ:**

डीटीटीडीसी दिल्ली में 03 झीलों में नौका विहार की सुविधा प्रदान करता है:

1. नैनी झील (मॉडल टाउन)
2. भलस्वा झील
3. संजय झील

➢ **स्पर्धाएँ और त्यौहारः**

सांस्कृतिक पर्यटन का संवर्धन, पर्यटन भूदृश्य का एक महत्वपूर्ण घटक है। तदनुसार, सामान्य रूप से हमारे देश और विशेष रूप से दिल्ली की समृद्ध विरासत को समय–समय पर विभिन्न त्योहार और आयोजन जैसे कि गार्डन टूरिज्म फेस्टिवल, फूड फेस्टिवल, इत्र और सुंगंधी मेला, चिल्ड्रन थिएटर फेस्टिवल, मैंगो फेस्टिवल, डांडिया फेस्टिवल, कवि सम्मेलन, दिवाली महोत्सव, उत्तर पूर्व सांस्कृतिक महोत्सव, पश्चिमी संगीत महोत्सव, कॉमेडी नाइट्स, अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव आदि के माध्यम से पेश किया गया है।


## 2. दिल्ली पर्यटन विभाग का कार्य निष्पादन

2.1 भारत की राजधानी विदेशी और घरेलू दोनों प्रकार के पर्यटकों के लिए प्रमुख आगमन स्थलों में से एक है। यह राज्य देश के शीर्ष पर्यटन स्थलों में से एक है। भारत पर्यटन सांख्यि की प्रभा–2022 के अनुसार, दिल्ली में 2022 के दौरान विदेशी पर्यटक आगमन (एफ.टी.ए) लगभग 19.32 लाख (31. 21:) दर्ज किया गया है। भारत में 2022 में राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश–वार विदेशी पर्यटकों के आगमन (एफ.टी.ए) की संख्या की जानकारी विवरण 10.1 में दी गई है।

### विवरण 10.1
### 2022 में भारत में विदेशी पर्यटकों के आगमन के लिए शीर्ष 8 अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्ट

| क्र.स. | अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्ट | एफटीएज | प्रतिशत हिस्सेदारी |
|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली (हवाई अड्डा) | 19,32,425 | 31.21 |
| 2. | मुंबई (हवाई अड्डा) | 9,09,866 | 14.70 |
| 3. | हरिदासपुर भुमि जाँच चौकी | 5,86,140 | 9.47 |
| 4. | चेन्नई (हवाई अड्डा) | 5,72,197 | 9.24 |
| 5. | बैंगलोर (हवाई अड्डा) | 3,93,552 | 6.36 |
| 6. | हैदराबाद (हवाई अड्डा) | 2,90,201 | 4.69 |
| 7. | कोचीन (हवाई अड्डा) | 2,72,068 | 4.39 |
| 8. | कोलकाता (हवाई अड्डा) | 2,38,135 | 3.85 |
| | कुल शीर्ष 8 | **51,94,584** | **80.05** |
| | अन्य | 9,96815 | 19.95 |
| | कुल योग | **61,91,399** | **100.00** |

*स्रोतः : इंडिया टूरिज्म स्टैटिस्टिक्स एट ए ग्लांस–2022, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार*




2.2 2022 में भारत आनें वाले विदेशी पर्यटकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या विवरण 10.2 में दी गई है:

**विवरण 10.2**

**2022 में विदेशी पर्यटकों के आगमन में भारत के शीर्ष 10 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की हिस्सेदारी**

| रैंक | राज्य/संघ राज्य | 2022 में विदेशी पर्यटकों के आगमन | |
|---|---|---|---|
| | | मिलियन | प्रतिशत हिस्सेदारी |
| 1 | गुजरात | 1.78 | 20.70 |
| 2 | महाराष्ट्र | 1.51 | 17.60 |
| 3 | पश्चिम बंगाल | 1.04 | 12.08 |
| 4 | दिल्ली | 0.82 | 9.50 |
| 5 | उत्तर प्रदेश | 0.65 | 7.56 |
| 6 | तमिलनाडु | 0.41 | 4.74 |
| 7 | राजस्थान | 0.40 | 4.62 |
| 8 | केरला | 0.35 | 4.02 |
| 9 | पंजाब | 0.33 | 3.8 |
| 10 | मध्य प्रदेश | 0.20 | 2.38 |
| | शीर्ष 10 का कुल योग | 7.47 | 87.03 |
| | अन्य | 1.11 | 12.97 |
| कुल | | **8.59** | **100** |


*स्रोतः राज्य/संघ राज्य पर्यटन मंत्रालय*

*2022 के आंकड़ों का अनुमान, 2019 के आंकड़ों के आधार पर 2022/19 के लिए अखिल भारतीय विकास दर लागू करके लगाया गया है।*

उपरोक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि दिल्ली ने 2022 में 9.5 प्रतिशत की कुल हिस्सेदारी के साथ विदेशी पर्यटकों की समग्र यात्राओं में चौथा स्थान हासिल किया।

चार्ट 10.2

2022 में विदेशी पर्यटकों की यात्राओं में प्रतिशत हिस्सेदारी




Source: State/ UT Tourism Departments

*: Data for 2022 is estimated by applying all India growth rate for 2022/19 on 2019 data

वित्तीय वर्ष 2022–23(फरवरी 2023 तक) के दौरान सबसे अधिक भारतीय पर्यटक वाले, एएसआई के अधीन शीर्ष 10 केंद्रीय संरक्षित स्मारक

| क्र.स. | स्मारक | अंतर्देशीय फुटफॉल (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | ताज महल | 45.13 |
| 2 | लाल किला | 22.01 |
| 3 | सूर्य मंदिर, कोणार्क | 21.33 |
| 4 | आगरा का किला | 15.99 |
| 5 | कुतुब मीनार | 15.24 |
| 6 | गोलकुंडा किला | 14.06 |
| 7 | स्मारकों का समूह, मामल्लपुरम | 13.84 |
| 8 | एलोरा की गुफाएँ | 13.32 |
| 9 | रबिया दुरानी का मकबरा (बीबी का मकबरा) | 10.85 |
| 10 | हुमायूँ का मकबरा | 10.81 |




Source: Archaeological Survey of India (ASI)

### 3. घरेलू पर्यटक

राज्य में आने वाले घरेलू पर्यटकों की संख्या भी दिल्ली में लगातार बढ़ रही है: 2012 में यह लगभग 1.85 करोड़ थी, जो 2019 में बढ़कर 3.65 करोड़ हो गई। परन्तु, 2021 में यह घटकर 1.06 करोड़ रह गई (भारतीय पर्यटन सांख्यिकी, 2022)।

### 4. दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी):

पर्यटन क्षेत्र की प्रमुख योजनाओं का क्रियान्वयन डीटीटीडीसी द्वारा किया जा रहा है, जिसका लक्ष्य दिल्ली में पर्यटन का विकास करना और उसे प्रोत्साहित करना है।

डीटीटीडीसी की पर्यटन परियोजनाएं

- पर्यटक सूचना केंद्र
- दिल्ली हाटरू (1) आईएनए, (2) पीतमपुरा, (3) जनकपुरी (खाद्य और शिल्प बाजार)
- गार्डन ऑफ फाइव सेंसिज
- एन एच–1 पर गुरु तेग बहादुर स्मारक
- प्रकृति बाजार
- डॉ. कलाम मेमोरियल
- बाबा खड़क सिंह मार्ग पर कॉफी होम
- आजाद हिन्द ग्राम
- संजय झील, मयूर विहार में सॉफ्ट एडवेंचर पार्क



दिल्ली हाट



जनकपुरी



गार्डन ऑफ फाइव सेंसिज



गुरु तेग बहादुर मेमोरियल




नेचर बाज़ार




कलाम मेमोरियल







कॉफी होम कनॉट प्लेस

दिल्ली हाटः आईएनए







दिल्ली हाट पीतमपुरा

आजाद हिंद ग्राम

दिल्ली अपनी समृद्ध विरासत और संस्कृति के लिए जानी जाती है। अनुभवात्मक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए डीटीटीडीसी द्वारा विभिन्न हॉन्टेड और हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जा रहा है, जो इस प्रकार हैं–

1 देखो अपना सी पी

2. दिल्ली का दिल देखो

3. शाहजहानाबाद वॉक (पुरानी दिल्ली)

4. फूड वॉक (पुरानी दिल्ली)

5. कुतुब मीनार और महरौली पुरातत्व पार्क की सैर

6. हौज खास की सैर

7. मालचा महल भुतहा सैर

8. फिरोज शाह कोटला भुतहा सैर

## 5. डीटीटीडीसी का यात्रा प्रभागः

डीटीटीडीसी ने अपने यात्रा प्रभाग की स्थापना नवंबर 1996 में की थी और इसने टिकटिंग में नियमित संचालन शुरू किया था। ट्रैवेल डिविजन अंतरराष्ट्रीय हवाई टिकट जारी करने के उद्देश्य से इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) का सदस्य बना, साथ ही ट्रैवेल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएएआई) और ट्रैवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएएफआई) का सदस्य होने के नाते यह भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय का भी सदस्य बना।

### 5.1 मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना :

यह योजना भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत, दिल्ली के 17,252 वरिष्ठ नागरिकों ने नवंबर, 2023 तक विभिन्न तीर्थ स्थलों (रामेश्वरम–मदुरै, तिरुपति–बालाजी, जगन्नाथपुरी–कोणार्क–भुवनेश्वर, द्वारिकाधीश–नागेश्वर–सोमनाथ,शिरडी–शनि–शिंगणापुर–त्र्यंबकेश्वर,उज्जैन–ओंकारेश्वर,बोधगया–सारनाथ,अजमेर–पुष्कर–उदयपुर–हल्दीघाटी–नाथद्वारा, मथुरा– वृंदावन– आगरा– फतेहपुर सीकरी, हरिद्वार–ऋषिकेश–नीलकंठ, अमृतसर–वाघा बॉर्डर–आनंदपुर साहिब, वैष्णो देवी–जम्मू और अयोध्या, दिल्ली–वेलनकन्नी–दिल्ली, दिल्ली–करतारपुर साहिब–दिल्ली) के 15 टूर किए।

### 5.2 मोबाइल ऐप "देखो मेरी दिल्ली" का विकास :

दिल्ली टूरिज्म मोबाइल ऐप पर्यटन क्षेत्र को एक नया प्रतिमान प्रदान करता है। यह पर्यटकों, आगंतुकों, सभी हितधारकों और दुनिया भर के लोगों को न केवल दिल्ली में पर्यटन स्थलों तक आसान पहुंच प्रदान करता है, बल्कि उन्हें रचनात्मक तरीके से संलग्न भी करता है।

यह दिल्ली में पर्यटन के सभी पहलुओं के लिए एक शिक्षाप्रद ऑल–इन–वन ऐप है। यह एएसआई और दिल्ली पर्यटन परियोजनाओं के सभी स्मारकों के लिए टिकट बुकिंग को सक्षम बनाता है। हाल ही में इस मोबाइल ऐप में डीडीए द्वारा विकसित बांससेरा पार्क, भारत दर्शन पार्क, एमसीडी द्वारा विकसित वेस्ट टू वंडर पार्क को जोड़ा गया है। यह मोबाइल ऐप राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए एक उपयोगी गाइड साबित होता है जो दिल्ली के बारे में प्रामाणिक जानकारी प्रदान करता है। गूगल मैप्स के साथ इसका एकीकरण पर्यटकों को पर्यटन स्थलों तक आसानी से मार्गनिर्देशन करने में मदद करता है।

### 5.3 दिल्ली फिल्म नीति :

दिल्ली टूरिज्म ने 13.05.2022 को दिल्ली फिल्म नीति (डीएफपी)–2022 अधिसूचित और प्रारंभ की है। इसका लक्ष्य फिल्मों के माध्यम से दिल्ली के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रोफ़ाइल को ब्रांड बनाना है। डीएफपी–2022 के तहत एक अनूठी पहल, यानी ई–फिल्म क्लीयरेंस का शुभारंभ किया गया। इसके अंतर्गत दिल्ली में फिल्म शूटिंग सुविधा के लिए पूरी तरह से ऑनलाइन सिंगल विंडो अनुमोदन तंत्र कायम किया गया है, जो व्यापार में सुगमता के लक्ष्य के अनुरूप 20 से अधिक हितधारक विभागों से एक सहज, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से ऑनलाइन मंजूरी प्रदान करता है।

इसकी स्थापना के बाद से इस पोर्टल के माध्यम से फिल्म शूटिंग के लिए 71 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 38 आवेदनों को मंजूरी दे दी गई। पोर्टल पर 500 से अधिक फिल्मी स्थानों का भंडार भी उपलब्ध है, जिसे अधिक फिल्म शूटिंग स्थानों के लिए प्रोडक्शन हाउस के अनुरोध के अनुसार आगे बढ़ाया जा रहा है। दिल्ली को भारत में एक पसंदीदा फिल्म गंतव्य बनाने के उद्देश्य से, इस नीति को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रचारित किया जा रहा है।

## 6 दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी (डीआईएचएम एंड सीटी):

संस्थान को 2002–03 में डिग्री स्तर के कॉलेज के रूप में अपग्रेड किया गया था ताकि वह होटल और आतिथ्य प्रबंधन में डिग्री प्रदान कर सके।

वर्तमान में कॉलेज की कुल क्षमता 399 सीटों की है अर्थात बीएससी (एचएचए) पाठ्यक्रम में 311 विद्यार्थी हैं जिसके लिए संस्थान  नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी से संबद्ध है जो कि भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के तहत एक शीर्ष निकाय है और 88 छात्र पांच विषयों में डेढ़ वर्षीय व्यापार डिप्लोमा पाठ्यक्रम अर्थात खाद्य उत्पादन, बेकरी और कन्फेक्शनरी, फ्रंट ऑफिस, खाद्य और पेय सेवा और हाउसकीपिंग जिसके लिए संस्थान तकनीकी शिक्षा बोर्ड, जीएनसीटीडी से संबद्ध है। निर्माणाधीन छात्रावास में लड़कों के लिए 118 सीटें और लड़कियों के लिए 42 सीटों की पर्याप्त व्यवस्था है।

## 7. सरकार द्वारा की गई पहल

### 7.1 दिल्ली के प्रवेश स्थलों का सौंदर्यीकरण :

दिल्ली सरकार ने सभी प्रवेश बिंदुओं के सौंदर्यीकरण और दिल्ली में आगन्तुकों को सौंदर्यपरक अनुभूति कराने के लिए प्रवेश द्वारों के निर्माण की अवधारणा योजना तैयार की है।

### 7.2 ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट स्कीम :

7.2.1 यह योजना अक्टूबर, 2007 के महीने में शुरू हुई और वर्ष 2023–24 के दौरान जारी रखी जा रही है ताकि दिल्ली आने वाले पर्यटकों को बजट आवास प्रदान किया जा सके और पारंपरिक भारतीय घर और संस्कृति का आनंद लिया जा सके और परिवारों के पक्ष और सुरक्षा का विश्वास भी प्राप्त किया जा सके व सुखद यादों के साथ वापसी की जाए। दिल्ली में बेड एंड ब्रेकफास्ट आवास में, सुविधाओं की दो श्रेणियां, सिल्वर और गोल्ड है। सिल्वर और गोल्ड श्रेणी के अंतर्गत उपलब्ध बुनियादी सुविधाओ का विवरण निम्न है:

सिल्वर और गोल्ड श्रेणी के अंतर्गत उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं

| सुविधाए | सिल्वर | गोल्ड |
|---|---|---|
| कमरे का फ्लोर एरिया | 120 वर्ग फुट | 200 वर्गफुट |
| बाथ रूम का आकार | 30 वर्ग फुट | 40 वर्ग फुट |
| वाशिंग मशीन | अनिवार्य नहीं | अनिवार्य |
| कमरे में रेफ्रिजेरेटर | अनिवार्य नहीं | अनिवार्य |
| एक्सटेंशन के साथ टेलीफोन | अनिवार्य नहीं | अनिवार्य |

7.2.2 ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के तहत योजनान्तर्गत पंजीकृत प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्र, डबल बेड, एसी, टेलीफोन की सुविधाओं के साथ भली–भांति सुसज्जित कमरे उपलब्ध कराए जाते हैं। किसी भी प्रतिष्ठान को अधिकतम 06 कक्ष दिये जा सकेंगे।

7.2.3 इस योजना के तहत दिनांक 31.03.2023 एवं 30.09.2023 की स्थिति के अनुसार दर्ज गोल्ड एवं सिल्वर श्रेणी के प्रतिष्ठानों और पंजीकृत कक्षों की कुल संख्या तथा वित्तीय वर्ष 2023–24 का लक्ष्य नीचें दिया गया है:

| श्रेणी | वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान स्थिति | | 2023–24 के लिए लक्ष्य | | 30.09.2023 तक स्थिति | | 30.09.2023 तक स्थिति (03 वर्ष का संचयी)' | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रतिष्ठानों की संख्या | कमरों की संख्या | प्रतिष्ठानों की संख्या | कमरों की संख्या | प्रतिष्ठानों की संख्या | कमरों की संख्या | प्रतिष्ठानों की संख्या | कमरों की संख्या |
| सिल्वर | 213 | 1095 | 235 | 1210 | 118 | 619 | 501 | 2587 |
| गोल्ड | 5 | 30 | 5 | 25 | 3 | 17 | 32 | 163 |
| कुल | 218 | 1125 | 240 | 1235 | 121 | 636 | 533 | 2750 |

*नोटः 'बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना के तहत पंजीकरण का प्रमाण पत्र तीन साल के लिए जारी किया जाता है।*

## अध्याय एक नज़र में

- 2022 के दौरान शीर्ष 8 अंतर्राष्ट्रीय चेक पोस्ट के अनुसार दिल्ली में 19.32 लाख (31.21 प्रतिशत) विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीएज) दर्ज किए गए।
- दिल्ली ने 2022 में कुल विदेशी पर्यटक यात्राओं में 9.50 प्रतिशत की कुल हिस्सेदारी के साथ चौथा हासिल किया।